>

Title : Need to increase the frequency of Uttar Pradesh Sampark Kranti Express (train no. 2447-2448) between Delhi and Bundelkhand and start a train service between Mahoba and Khajuraho.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : महोदय, दिनांक 23.08.2007 को अनुदानों की अनुपूरक मांग (रेल) 2007/2008 के अंतर्गत दिल्ली से बुंदेलखंड क्षेत्र को जोड़ने वाली उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रांति 2447-2448 को प्रतिदिन चलाए जाने की मेरी एवं मेरे क्षेत्रवासियों की मांग को मानते हुए माननीय रेल मंत्री जी ने संसद में घोषणा की थी कि हजरत निजामुद्दीन से मानिकपुर तक चलने वाली उत्तर प्रदेश सम्पक क्रंति को सप्ताह में पांच दिन चलाने जा रहे हैं। यदि इस अवधि में औक्यूपेंसी ठीक रहेगा तो अगले रेल बजट में इसे सातों दिन चलायेंगे तथा विगत रेल बजट में महोबा से खजुराहो के लिए लिंक एक्सप्रेस चलाये जाने की घोषणा की गई थी। उक्त दोनों मांगों के अभी तक पूरा न होने से क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।

मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रंति रेलगाड़ी को सप्ताह में पांच दिन चलाया जाये तथा महोबा से खजुराहो लिंक एक्सप्रेस तुंत चलाने का निर्देश जारी करने का कष्ट करें।